अपराध संक्षेप

नवविवाहिता प्रेमी के साथ गई

संभल। कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी युवक की शादी चार महीने पहले असमोली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती से हुई थी। नवविवाहिता बुधवार की शाम अपने प्रेमी के साथ चली गई। नवविवाहिता के पति ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को बताय है कि उसकी पत्नी 20 हजार रुपये और जेवर लेकर चली गई है। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। संवाद

शादी में देने के लिए आई बाइक चोरी

सरायतरीन। हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव फत्तेहपुर उत्तमा में बृहस्पतिवार की देर रात शादी में देने के लिए आई बाइक चोरी हो गई। शुक्रवार की सुबह चोरी की जानकारी हुई तो पीड़ित ने कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित अतर सिंह ने बताया कि बेटी की शादी में बाइक देने के लिए वह 10 फरवरी को खरीद कर लाए थे। घर में जगह नहीं थी तो पड़ोसी के घर खड़ी कर दी थी। बृहस्पतिवार की रात चोरी हो गई। पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। संवाद

दुष्कर्म के मामले में दो पर केस

संभल। थाना ऐंचोड़ा कंबोह स्थित एक गांव निवासी महिला ने सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपियों में उसका एक देवर भी शामिल है। 2 जनवरी की सुबह आरोपी अपनी गाड़ी में बैठाकर ले गए और सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। संवाद

शिवालयों की जर्जर सड़कों की नहीं हुई मरम्मत

शिवभक्तों को होगी परेशानी, गंगाजल लेकर जर्जर सड़कों से शिवालय तक जाएंगे शिवभक्त

संवाद न्यूज एजेंसी

चंदौसी। महाशिवरात्रि 26 फरवरी को है, लेकिन अभी तक शिवालयों को आने जाने वाली जर्जर सड़कों की मरम्मत नहीं कराई गई है। श्रद्धालुओं की आस्था के बीच ये क्षतिग्रस्त सड़कें परेशानी का सबब बनेंगी। महाशिवरात्रि से पहले सड़कों के सही कराने की मांग की गई है।

महाशिवरात्रि को लेकर शिवभक्तों में उत्साह है। शिवालयों में रंगाई पुताई और साज सज्जा का काम चल रहा है। एक दो दिन में शिवभक्त कांवड़ भरने के लिए राजघाट, ब्रजघाट, हरिद्वार को रवाना होने शुरू हो जाएंगे। चंदौसी से बड़ी तादाद में शिवभक्त राजघाट गंगा तट से कांवड़ भरकर शहर के प्रमुख शिवालयों में जलाभिषेक करते हैं। इस बार 24 फरवरी को शिवभक्त राजघाट गंगातट के लिए रवाना होंगे और 25 फरवरी को वापस लौटेंगे। अगले दिन 26 फरवरी को जलाभिषेक करेंगे।

अधिकांश शिव भक्त नंगे पांव कांवड़ लेकर आते है लेकिन इस बार शिवभक्तों को जर्जर सड़क से होकर गुजरना पड़ेगा। चंदौसी के मूछों वाले शिव मंदिर को जाने वाला रास्ता क्षतिग्रस्त हालत में है। आवास विकास गैस गोदाम रोड स्थित शिव मंदिर वाले रास्ते की हालत भी बेहद खस्ता है। ये सड़क पूरी तरह उखड़ी हुई है। यहां भी श्रद्धालुओं को पैदल चलने में दिक्कत आएगी। इसके अलावा गांव आटा के शिव मंदिर का रास्ता भी खराब पड़ा है।



मौलागढ़ में जलभराव से होकर गुजरता बाइक सवार। संवाद



गैस गोदाम रोड काफी समय से जर्जर हालत में है। सड़क पूरी तरह उखड़ चुकी है, ऐसे में यहां मंदिर में जलाभिषेक को आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी होगी। – **सच्चिदानंद शर्मा**, आवास विकास कॉलोनी



मझावली से खुर्जा गेट चंदौसी के बीच की सड़क जगह जगह उखड़ चुकी है। शिवरात्रि पर श्रद्धालु इसी रास्ते से कांवड़ लेकर आते हैं। लेकिन अभी तक सड़क सही नहीं कराई गई। जिम्मेदारों को ध्यान देना चाहिए। **-दीनदयाल उपाध्याय, आवास विकास चंदौसी**

- **मौलागढ़ शिव मंदिर के रास्ते पर जलभराव :** चंदौसी के मौलागढ़ शिव मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिवरात्रि पर जलाभिषेक के लिए आते हैं, लेकिन इस बार उन्हें जलभराव के बीच होकर गुजरना पड़ेगा। काफी समय से सड़क पर जलभराव की समस्या बनी हुई है। लेकिन जिम्मेदारों का इस ओर ध्यान ही नहीं है। जलभराव की वजह से आमजन काफी परेशान हैं।
- **मझावली से चंदौसी के बीच की सड़क भी जर्जर :** राजघाट से कांवड़ भरकर शिवभक्त मझावली से नेहटा, पतरौआ होते हुए चंदौसी के प्रमुख शिवालयों में जलाभिषेक के लिए आते हैं। ये सड़क भी बेहद खराब हालत में है। सड़क में जगह जगह गड्ढे हैं। पत्थर और बजरी उखड़ी पड़ी है।

महाशिवरात्रि की तैयारी के लिए बाजार में बढ़ी रौनक

चंदौसी। महाशिवरात्रि का त्योहार नजदीक आ गया है। महाशिवरात्रि की तैयारी के लिए बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है। शिव भक्त और कांवड़िये महादेव के श्रंगार और पूजन सामग्री के साथ ही कांवड़ सजाने के लिए सामान की खरीदारी कर रहे हैं। श्रृंगार के सामान की दुकानों पर रात तक भीड़ नजर आ रही है।



सजावट के लिए खरीदारी करते लोग। संवाद

महाशिवरात्रि का त्योहार 26 फरवरी को आस्था और श्रद्धा भाव से मनाया जाएगा। 24 फरवरी को कांवड़िये गंगा जल से महादेव का अभिषेक करने के लिए राजघाट के लिए रवाना होंगे और 25 फरवरी को कांवड़ में गंगाजल लेकर वापस लौटेंगे। महाशिवरात्रि पर शिवालयों में महादेव का गंगाजल से अभिषेक किया जाएगा। कांवड़िये अपनी-अपनी कांवड़ सजाने के लिए खरीदारी शुरू कर दी है। बाजार में दुकानों पर खासा भीड़ नजर आ रही है। शुक्रवार को भी शिव भक्तों ने कांवड़ सजाने के लिए त्रिशूल, डमरू, रबड़ मुंडमाला, छत्र, सर्प, सीटी, खिलौने, इलेक्ट्रानिक झालर समेत अन्य सजावट का सामान खरीदारी की। वहीं घर का मंदिर सजाने के लिए शृंगार सामान भी खरीदा। संवाद

छह केजीबीवी में बनेंगे शौचालय

संवाद न्यूज एजेंसी

बहजोई। जिले के छह कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में एक करोड़ 37 लाख रुपये की लागत से शौचालय यूनिट बनेगी। यह जानकारी देते हुए डीसी, बालिका रंजना राजपूत ने बताया कि शासन की ओर से जिले के पंवासा, गुन्नौर, जुनावई, रजपुरा, बनियाखेड़ा व असमोली कस्तूरबा विद्यालयों में शौचालय यूनिट बनेंगी।

इनमें एक शौचालय यूनिट की लागत 22 लाख 95 हजार रुपये है। वहीं डीसी, निर्माण सचिन सक्सेना ने बताया कि प्रत्येक शौचालय दो मंजिला होगा। एक यूनिट में आठ शौचालय होंगे। इनमें चार शौचालय ऊपर व चार नीचे बनाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण एडं श्रम विकास सहकारी संघ लिमिटेड, मुरादाबाद को शौचालय यूनिट के निर्माण के लिए 40 प्रतिशत के हिसाब से करीब 55 लाख रुपये की धनराशि उपलब्ध करा दी गई है।

इनमें से कार्यदायी संस्था की ओर से पंवासा, गुन्नौर, जुनावई व रजपुरा के केजीबीवी में शौचालय यूनिट के निर्माण के लिए ले आउट भी तैयार कर लिया गया है। जल्द ही इन केजीबीवी में शौचालय यूनिट का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। वहीं, शेष दो केजीबीवी बनियाखेड़ा व असमोली का ले आउट अभी तैयार होना है। ले आउट तैयार होने के बाद इन दो केजीबीवी में भी शौचालय यूनिट का निर्माण कार्य शुरू होगा।

उ.प्र. पावर ट्रांसमीशन कारपोरेशन लि. अमरोहा
जेम निविदा सूचना

अनुभवी फर्मों/ठेकेदारों से निम्नलिखित आपूर्ति/ सेवा/ कार्य हेतु निविदायें जेम पोर्टल पर आमंत्रित की जा रही है। निविदा सम्बन्धी समस्त जानकारी, वेबसाइट www.gem.gov.in से डाउनलोड कर अवलोकित/ अपलोड की जा सकती है। विस्तृत जानकारी, अन्य किसी प्रकार के संशोधन एवं तिथि विस्तार आदि के सम्बन्ध में निविदा अपलोड करने के दिनांक/ समय तक कृपया वेबसाइट www.gem.gov.in पर Log In करें। जेम निविदा संख्या– GEM/2025/B/5978974, खुलने की तिथि– 04.03.2025 अधिशासी अभियन्ता, विद्युत परिषण खण्ड अमरोहा-244221 "राष्ट्र हित में बिजली बचावें" पत्रांक 406 दिनांक 20.02.2025

अमर उजाला


यदि आपको अमर उजाला की प्रति नियमित या समय से नहीं मिल रही है तो कृपया टोल फ्री नंबर या ई-मेल के माध्यम से हमें बताएं। हम शीघ्र ही उसे समय से पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे।

अपना अखबार शुरू करवाने के लिए संपर्क करें

1800 121 1166
सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक

circulation@amarujala.com

व्यक्तिगत



जल बचाने के लिए किया जागरूक

सरायतरीन। पवांसा ब्लॉक क्षेत्र के गांव बिछौली में शुक्रवार को वाटरशेड विकास घटक प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2 की जागरूकता के लिए पदयात्रा निकाली गई।

इसमें शामिल जिला भूमि संरक्षण अधिकारी ओंकार सिंह ने बताया कि किसानों को अपनी भूमि को संरक्षण करने के लिए शासन की बेहतर योजनाओं का लाभ लेना चाहिए। जीवन को बचाने और फसल को बढ़ाने के लिए जल का संरक्षण करें। जल बचाने के लिए गांव के अन्य लोगों को भी जागरूक करें।

कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. महावीर सिंह ने जल संरक्षण फसल की जल मांग के आधार पर सिंचाई करने की सलाह दी। संवाद

डीएम ने शिव मंदिर पहुंचकर ली जानकारी

सिंहपुरसानी। ऐंचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव भवालपुर बांसली पहुंचे डीएम डॉ.राजेंद्र पैंसिया ने शिव मंदिर पहुंचकर शिवलिंग पर जल चढ़ाया और मंदिर के पुजारी गंगाशरण से मंदिर के इतिहास और महत्ता के बारे में जानकारी प्राप्त की। शिवरात्रि पर लगने वाले मेले के बारे में जाना। संवाद



नीलामी सूचना

प्रा० वि० मझरा घोसीपुरा के ध्वस्तीकरण के लिए स्वीकृत जर्जर मुख्य भवन (मुख्य भवन एवं एक अतिरिक्त कक्ष) की नीलामी कार्यालय जिला बे० शि० अधिकारी रामपुर के पत्रांक एस. एस. ए./8503-08/ जर्जर भवन/2024-25/ दिनांक 03-12-2024 के अनुपालन में दिनांक 24-02-2025 को विद्यालय परिसर में समय प्रातः 11 बजे होगी। यदि उक्त तिथि को नीलामी नहीं होती है तो दिनांक 27.02.2025 को पुनः समय से पहुंचकर नीलामी प्रक्रियामें भाग ले सकते हैं।

अध्यक्ष / सचिव/ विद्यालय प्रबन्ध समिति
प्राथमिक विद्यालय मझरा घोसीपुरा, ब्लाक स्वार, जनपद-रामपुर

कम्पोजिट विद्यालय माजुल्ला नगर-II, (केमरी) विकास खण्ड- बिलासपुर, जनपद-रामपुर

पत्रांकः नीलामी/2024-25 दिनांकः 21.02.2025

नीलामी

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रामपुर के पत्रांक : एम.एस. ए. 18503-08/ जर्जर भवन / 2024-25 दिनांक 03.12-2024/ कम्पोजिट विद्यालय माजुल्ला नगर-II, केमरी विकास खण्ड-बिलासपुर, जनपद-रामपुर में अतिरिक्त कक्ष प्रा०वि०) (जर्जर) की नीलामी हेतु निर्देश जारी किए गए हैं, उक्त नीलामी प्रक्रिया में प्रतिभाग करने वाले बोलीदाता को रुपये 10,000.00 जमानत राशि नगद जमा करना अनिवार्य होगा। शेष निर्देश हेतु इच्छुक बोलीदाता विद्यालय के सूचना पट पर चस्पा निर्देशों का संज्ञान ले सकते है।

इच्छुक बोलीदाता कम्पोजिट विद्यालय माजुल्लानगर-II में घोषित अतिरिक्त कक्ष (प्रा.वि.) (जर्जर) की नीलामी प्रक्रिया में दिनांक- 24.02.2025/ 25.02.2025 / 28.02.2025 को प्रातः 10:30 बजे सम्मिलित हो सकते हैं।

अध्यक्ष/ सचिव, कम्पोजिट विद्यालय माजुल्ला नगर-II, वि.ख. बिलासपुर, रामपुर
मो०- 9457372879

प्रा.वि. चकदुली, नीलामी सूचना

प्रा० वि० चकदुली के ध्वस्तीकरण के लिए स्वीकृत मुख्य भवन एवं एक एसीआर (अतिरिक्त कक्ष) की नीलामी कार्यालय जिला बे० शि० अधिकारी रामपुर के पत्रांक एस. एस. ए./जर्जर भवन / 8503-08/2024-25/03-12-2024 के अनुपालन में दिनांक 24-02-2025 व द्वितीय तिथि 27-02-2025 को विद्यालय परिसर में सुबह 10.00 बजे होगी। इच्छुक बोलीदाता समय से पहुचंकर नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते है।

अध्यक्ष / सचिव
विद्यालय प्रबन्ध समिति
प्रा०वि० चकदुली, स्वार, रामपुर

इ. प्रधानाध्यापक
प्रा० वि० चकदुली वि०क्षे०
स्वार, रामपुर

संविलियन विद्यालय पदुपुरी निकट बमनपुरा विकासखंड बिलासपुर जनपद रामपुर

पत्रांकः नीलामी/2024-25 दिनांकः 22.02.2025

नीलामी

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रामपुर के पत्रांक : एम. एस. ए./ 8503-08/जर्जर भवन/ 2024-25 दिनांक 03.12.2024 के द्वारा संविलियन विद्यालय पदुपुरी निकट बमनपुरा विकासखंड बिलासपुर जनपद रामपुर में रसोईघर व मुख्य भवन (उ.प्रा.वि.) (जर्जर) की नीलामी हेतु निर्देश जारी किए गए हैं, उक्त नीलामी प्रक्रिया में प्रतिभाग करने वाले बोलीदाता को 10000.00 जमानत राशि नगद जमा करना अनिवार्य होगा। शेष निर्देश हेतु इच्छुक बोलीदाता विद्यालय के सूचना पट पर चस्पा निर्देशों का संज्ञान ले सकते हैं।

इच्छुक बोलीदाता संविलियन विद्यालय पदुपुरी निकट बमनपुरा में घोषित रसोईघर व मुख्य भवन (उ.प्रा.वि.) (जर्जर) की नीलामी प्रक्रिया में दिनांक 24.02.2025/ 25.02.2025/ 28.02.2025 को प्रातः 10:30 बजे सम्मिलित हो सकते हैं।

अध्यक्ष/ सचिव, संविलियन विद्यालय पदुपुरी निकट बमनपुरा विकासखंड बिलासपुर जनपद रामपुर
मो.- 808808400, 9758218088

उच्च प्राथमिक विद्यालय रामनगर विकासखंड बिलासपुर जनपद रामपुर

पत्रांकः नीलामी/2024-25 दिनांकः 21.02.2025

नीलामी

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रामपुर के पत्रांक : एम.एस.ए./ 8503-08/जर्जर भवन / 2024-25 दिनांक 03.12.2024 के द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय रामनगर विकासखंड बिलासपुर जनपद रामपुर में रसोईघर व मुख्य भवन (उ.प्रा.वि.) (जर्जर) की नीलामी हेतु निर्देश जारी किए गए हैं, उक्त नीलामी प्रक्रिया में प्रतिभाग करने वाले बोलीदाता को 10000.00 जमानत राशि नगद जमा करना अनिवार्य होगा। शेष निर्देश हेतु इच्छुक बोलीदाता विद्यालय के सूचना पट पर चस्पा निर्देशों का संज्ञान ले सकते हैं।

इच्छुक बोलीदाता उच्च प्राथमिक विद्यालय रामनगर में घोषित रसोईघर व मुख्य भवन (उ.प्रा.वि.) (जर्जर) की नीलामी प्रक्रिया में दिनांक 24.02.2025/25.02.2025/ 28.02.2025 को प्रातः 10:30 बजे सम्मिलित हो सकते हैं।

अध्यक्ष/सचिव, उच्च प्राथमिक विद्यालय रामनगर विकासखंड बिलासपुर जनपद रामपुर
मो.- 7983691191

नीलामी विज्ञप्ति

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रामपुर के आदेश पत्रांक एस. एस. ए. 18503/08/ जर्जर भवन / 2024-25 दिनांक 7.12. 2024 के आदेश के अनुपालन में माँ प्रा. वि. कमोरा विकास खण्ड मिलक जिला रामपुर के मुख्य भवन की नीलामी 24.2.2025 को प्रातः 11 बजे विद्यालय परिसर में होगी। इच्छुक बोलीदाता समय से पहुँचकर बोली प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं । यदि नीलामी नहीं छूट पाती है, तो दिनांक 25.2.2025 को व दिनांक 28.2.2025 को पुनः नीलामी की जाएगी । बोली से पूर्व बोलीदाता को 10,000 /- रु० जमानत राशि के रूप में जमा करना होगा। नियम एवं शर्ते लागू।

सचिव / अध्यक्ष
वि०प्र० समिति प्रा०वि० कमोरा मिलक रामपुर

पंजाब नैशनल बैंक .....भरोसे का प्रतीक
pnb (A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING)
punjab national bank ...the name you can BANK upon!

सर्कल सस्त्रा सेंटर : बुलंदशहर
सर्कल कार्यालय: बुलंदशहर पता: यमुनापुरम, बुलंदशहर, उ.प्र.-203001
मो. : 9794963666, फोन : 05732-281724, ई-मेल : cobsrsamd@pnb.co.in; CS8212@pnb.co.in

प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 8 व 9 के तहत जन साधारण हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना, अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी हेतु जन सूचना।

प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज अधिनियम 2002 की वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रवर्तन के तहत अचल परिसंपतियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना। एतद्द्वारा जन साधारण एवं विशेषतः ऋणकर्ता(ओं) व गारंटरों(ओं) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूतित ऋणदाता के पास रेहन रखी गई/प्रभारित निम्न उल्लेखित अचल संपति, जिसका निर्माणात्मक/ भौतिक/ सांकेतिक कब्जा इस बैंक/प्रत्याभूतित ऋणदाता के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, इसे संबंधित ऋणकर्ताओं व गारंटरों से बैंक/प्रत्याभूतित ऋणदाता की बकाया देय राशि की वसूली के लिए यहां निम्न उल्लेखित तालिका में उल्लेखितानुसार तिथि को "जैसे हैं जहाँ है आधार, जैसे है जो है तथा जो कुछ वहां है के आधार पर" बेचा जाऐगा। आरक्षित मूल्य व धरोहर राशि जमा संबंधित संपतियों के प्रति निम्न तालिका में उल्लेखितानुसार है।

प्रत्याभूतित परिसंपतियों की अनुसूची

लॉट नं.	शाखा का नाम / एकाऊंट का नाम / ऋणकर्ता/गारंटरों खाता का नाम एवं पता	रेहन रखी गई अचल संपत्तियों का ब्यौरा/मालिक का नाम (संपति(यों) के रेहनकर्ता)	ए) सरफेसी एक्ट 2002 की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना की तिथि / बी)------- को बकाया राशि / सी) सरफेसी एक्ट 2002 की धारा 13(4) के तहत कब्जा तिथि / डी) कब्जे का प्रकार सांकेतिक/भौतिक/ निर्माणात्मक	ए) आरक्षित मूल्य राशि रू. में / बी) ईएमडी / सी) बोली वृद्धि राशि	ई-नीलामी की तिथि/समय	प्रत्याभूतित ऋणदाताओं को ज्ञात ऋणभार की जानकारी
1.	**पीएनबी- सम्भल मेन** मैसर्स मेहमूद गारमेंट्स इसके मालिक मेहमूद हुसैन निवासी मोहल्ला मीयां सराय सम्भल द्वारा	बही सं. 3 जिल्द 06, पृष्ठ सं 33/36, क्र.सं. 200 में 27.10.1999 उपरजिस्ट्रार कार्यालय सम्भल पर पंजीकृत मेहमूद हुसैन सुपुत्र अहमद हुसैन के नाम में मीयां सराय सम्भल पर स्थित आवासीय दो मंजिला मकान कुल क्षेत्रफल 49.64 वर्ग मी.। सीमाएं हैं- पूर्व- रास्ता उसके बाद अब्दुल अजीज का मकान, पश्चिम- चौधरी नाबी का मकान, उत्तर- मुल्ला रशीद के कानूनी वारिस का मकान, दक्षिण- मुल्ला अनीस का मकान	A) 19.05.2018 B) Rs 6,60,026/- + 01.04.2018 से ब्याज C) 21.08.2019 D) सांकेतिक कब्जा	A) Rs. 11,51,000/- B) Rs. 1,15,100/- C) Rs. 10,000/-	19.03.2025 पूर्वा. 11:00 बजे से अप. 04:00 बजे	एनए
2.	**पीएनबी- सम्भल मेन** मैसर्स रुदायन ग्राम विकास आश्रम, कोट पूर्वी, निकट रामलीला मैदान, सम्भल जिला सम्भल उ.प्र. 244302, पार्टनर्स- बिरलेश यादव सुपुत्र प्राणसुख यादव एवं बंदू सिंह सुपुत्र वदन सिंह	भूरी देवी पत्नी प्राणसुख यादव के नाम में दर्ज एसआरओ सम्भल के पास बही सं. 01, जिल्द सं. 3984, पृष्ठ सं. 349 से 372, क्र.सं. 1642 दि. 27-02-2008 में दर्ज गांव उस्मा सराय तहसील एवं जिला सम्भल उ.प्र. पर स्थित। सम्पत्ति माप क्षेत्र 1165 वर्ग मी. (466 क 1/4 भाग) का सभी जरूरी भाग। सीमाएं- **पूर्व-** संतोष कुमार का खेत, **पश्चिम-** नरोत्तम का खेत, **उत्तर-** ओमप्रकाश का खेत, **दक्षिण-** चक रोड	A) 21.01.2022 B) Rs 80,41,419.75/- + भावी ब्याज C) 27.04.2022 D) सांकेतिक कब्जा	A)Rs.1,19,26,000/- B) Rs.11,92,600/- C) Rs. 10,000/-	19.03.2025 पूर्वा. 11:00 बजे से अप. 04:00 बजे	एनए
3.	**पीएनबी- सम्भल मेन** श्री अख्तर हुसैन सुपुत्र श्री अब्दुल सामी, निवासी 309, शेर खान सराय, बाबू राम कोल्ड स्टोरेज के सामने, सम्भल (उ.प्र.) 244302 श्री शादाब अख्तर पुत्र श्री अख्तर हुस्सैन, निवासी 309, शेर खान सराय, बाबू राम कोल्ड स्टोरेज के सामने, सम्भल (उ.प्र.) 244302	श्री अख्तर हुसैन सुपुत्र श्री अब्दुल सामी के नाम में शेर खान सराय, सम्भल पर स्थित एक रिहायशी सम्पत्ति माप क्षेत्र 187 वर्ग मी.। **सीमाएं- पूर्व-** हाजी बुंदू का मकान, **पश्चिम-** कब्रिस्तान एवं अब. रौफ का मकान, **उत्तर-** भगवान दास एवं त्रिलोक चंद एवं सफदर इत्यादि का मकान, **दक्षिण-** आराजी रघुनाथ, अमरनाथ *** सम्पत्ति रहन डीड अनुसार***	A) 21.03.2024 B) Rs 11,77,855.14 + 01.03.2024 से ब्याज C) 30.07.2024 D) सांकेतिक कब्जा	A) Rs. 49,15,000/- B) Rs. 4,91,500/- C) Rs. 10,000/-	28.03.2025 पूर्वा. 11:00 बजे से अप. 04:00 बजे	एनए
4.	**पीएनबी चंदौसी एमजी** ऋषि अरोड़ा पुत्र श्याम सुन्दर अरोड़ा एवं पल्लवी अरोड़ा निवासी गांधी रोड भार्गव कलोनी चंदौसी सम्भल	1. एसआरओ चंदौसी के साथ श्री अनिल कुमार पुत्र श्री ओम प्रकाश निवासी गांधी मार्ग (भार्गव कलोनी) कस्बा एवं तहसील चंदौसी जिला सम्भल यूपी के स्वामित्व में बुक सं. 01, जिल्द सं. 1085, पेज सं. 168, क्र. सं. 1290, ए/एफ बुक सं. -1, जिल्द 1178, पेज-77 से 80 दिनांक 29.03.1997 में, पंजीकृत मोहल्ला बजार बजाजा (कच्चा), चंदौसी, जिला सम्भल में स्थित सम्पति के सभी जरूरी भाग कुल क्षेत्र-31.17 वर्ग मीटर **सीमाएं निम्न अनुसार हैं:- पूर्व-** सड़क, **पश्चिम-** श्रीमती प्रकाश वती की सम्पत्ति, **उत्तर-** स्व. श्री रघुवीर सरन भगत की सम्पत्ति, **दक्षिण-** श्रीमती शशि रस्तोगी की दुकान। 2. श्रीमती शालिनी पत्नी श्री श्याम सुन्दर, श्रीमती कान्ता रानी पत्नी श्री कुशवक्त राय एवं श्रीमती गीता रानी पत्नी श्री अनिल कुमार, स्टेशन रोड, चंदौसी जिला सम्भल, के नाम में कुल क्षेत्र-17.16 वर्ग मी. एसआरओ चंदौसी में बुक सं.- 01, खंड 396, पेज सं. 235 से 284 क्रम सं. 1807, दिनांक 06.04.2000 में पंजीकृत मोहल्ला बजार बिसात, खाना, चंदौसी संभल में स्थित सम्पत्ति के सभी जरूरी भाग टाईटल डीड के अनुसार सीमाएं निम्न अनुसार हैं : **पूर्व-** सड़क, **पश्चिम-** श्री विनोद सराफ की सम्पत्ति, **उत्तर-** सोमपाल सिंह की दुकान, **दक्षिण-** श्रीमती शालिनी एवं श्रीमती कांता देवी की दुकान	A) 04.07.2022 B) Rs 32,11,466.98 + भावी ब्याज C) 09.12.2022 D) सांकेतिक कब्जा	A) Rs.1,01,66,000- B) Rs. 10,16,600/- C) Rs. 10,000/- A) Rs. 67,94,000/- B) Rs. 6,79,400/- C) Rs. 10,000	28.03.2025 पूर्वा. 11:00 बजे से अप. 04:00 बजे	एनए

शर्तें व नियम

यह बिक्री प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों एवं शर्तों और निम्न अतिरिक्त शर्तों के तहत होगी :

1. सम्पत्तियों की बिक्री "जैसे है जहाँ है आधार, जैसे है जो है तथा जो कुछ वहां है के आधार पर" पर की जाएगी।
2. उपरोक्त निर्दिष्ट अनुसूची में विनिर्दिष्ट प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार वर्णित किया गया है, परन्तु प्राधिकारी इस उद्घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत कथन या विलोपन हेतु उत्तरदायी नहीं होगा।
3. बिक्री वेबसाईट https://ebkray.in पर उपलब्ध करवाए गए ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के जरिये अधोहस्ताक्षरी द्वारा 19.03.2025 एवं 28.03.2025 पर पूर्वा. 11.00 बजे की जाएगी।
4. बिक्री की विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया https://ebkray.in & www.pnbindia.in पर जाएं।

सरफेसी एक्ट 2002 के नियम 8(6)के तहत संवैधानिक बिक्री सूचना

दिनांक : 20.02.2025, स्थान : बुलंदशहर

प्राधिकृत अधिकारी,प्रत्याभूतित ऋणदाता, पंजाब नैशनल बैंक, सर्कल सस्त्रा सेंटर, बुलंदशहर